भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 87**
दिनांक 22/07/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन**

**87 # श्रीमती फूलो देवी नेतमः**
क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में कितने घरों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था;
(ख) उक्त लक्ष्य की अनुपालना में कितने घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध करा दिए गए हैं;
(ग) बस्तर, कांकेर जिलों सहित कितने घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) उक्त लक्ष्य को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (घ): भारत सरकार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ भागीदारी में जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है ताकि देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए कार्यशील पारिवारिक नल जल कनेक्शन के माध्यम से अर्थात् निर्धारित गुणवत्ता (बीआईएस: 10500) के साथ 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन (एलपीसीडी) के सेवा स्तर पर नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पीने योग्य पानी की व्यवस्था की जा सके।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभाग की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर सूचित किए गए अनुसार, 16.07.2024 तक, छत्तीसगढ़ राज्य में 50,05,219 परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है और आज की तारीख तक 39,23,716 परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं।

16.07.2024 तक, जेजेएम आईएमआईएस डैशबोर्ड पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बस्तर और कांकेर जिलों सहित कुल मिलाकर 10,81,503 परिवारों को अभी भी नल कनेक्शन प्रदान किए जाने हैं, जिसके लिए काम चल रहा है। राज्य सरकार को मार्च 2026 तक काम पूरा होने की उम्मीद है।
नल कनेक्शन से संबंधित विस्तृत आंकड़े नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं:

https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMState.aspx

***